बाघ

//

बाघ
रॉयल बंगाल टाइगर (Panthera Tigris) भारत का राष्ट्रीय पशु है।
बाघ की उप प्रजातियाँ
महाद्वीपीय (पैंथेरा टाइग्रिस टाइग्रिस)
सुंडा (पैंथेरा टाइग्रिस सोंडाइका)
प्राकृतिक अधिवास
उष्णकटिबंधीय वर्षावन, सदाबहार वन, समशीतोष्ण वन, मैंग्रोव दलदल, घास के मैदान और सवाना
देश जहाँ बाघ पाए जाते हैं
13 बाघ रेंज देश जहाँ यह प्राक्रतिक रूप से पाए जाते हैं उनमें- भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, म्याँमार, रूस, चीन, थाईलैंड, मलेशिया, इंडोनेशिया, कंबोडिया, लाओस और वियतनाम शामिल हैं।
IUCN की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, कंबोडिया, लाओस और वियतनाम में बाघ विलुप्त हो गए हैं।
संरक्षण की स्थिति
IUCN रेड लिस्ट: लुप्तप्राय
CITES : परिशिष्ट-I
WPA 1972 : अनुसूची-I
खतरे
आवास विखंडन
अवैध शिकार
मानव-वन्यजीव संघर्ष
संरक्षण संबंधी प्रयास
इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस (IBCA): बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जैगुआर और प्यूमा नामक सात बड़ी बिल्लियों के संरक्षण के लिये (भारत द्वारा शुरू)
Tx2 अभियान: WWF द्वारा आरंभ किया गया; 2022 तक बाघों की आबादी को दोगुना करने के लक्ष्य को इंगित करते हुए 'टाइगर टाइम्स 2' को संदर्भित करता था
राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA): WPA, 1972 के तहत गठित
प्रोजेक्ट टाइगर : 1973 में लॉन्च किया गया
बाघों की गणना : प्रत्येक 5 वर्ष में
भारत में बाघ
भारत में इनकी संख्या सबसे अधिक है
वर्ष 2022 तक, भारत में बाघों की संख्या 3167 थी
मध्य भारतीय उच्च भूमि और पूर्वी घाट में इनकी सबसे बड़ी आबादी पाई गई है
टाइगर रिजर्व: भारत में अब 53 टाइगर रिज़र्व हैं
नवीनतम टाइगर रिज़र्व उत्तर प्रदेश का रानीपुर है
नागार्जुन सागर (आंध्र प्रदेश) सबसे बड़ा टाइगर रिज़र्व है जबकि ओरंग (असम) सबसे छोटा (कोर क्षेत्र) है।
Drishti IAS

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tiger-71